भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3360 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

तटीय पोत परिवहन के माध्यम से उर्वरकों का परिवहन

†3360. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान तटीय पोत परिवहन के माध्यम से परिवहन किए गए उर्वरकों की मात्रा का गुजरात सहित पत्तन-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उर्वरकों के तटीय पोत परिवहन को सुगम बनाने हेतु उन्नयन किए गए बंदरगाहों की संख्या कितनी है तथा छोटी नौकाओं/बार्ज-आधारित अंतिम छोर तक सुपुर्दगी को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किए गए वित्तीय अथवा नीतिगत प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने आयात, भंडारण और वितरण संभार तंत्र को सुव्यवस्थित बनाने हेतु उर्वरक-विशिष्ट बंदरगाह की आवश्यकता का आकलन किया है; और
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख), (ग) और (घ): महापत्तन प्राधिकरणों के पास तटीय पोत परिवहन के माध्यम से उर्वरक कार्गो को सुगम बनाने के लिए पर्याप्त अवसंरचना हैं। सरकार ने तटीय कार्गो जलयानों के लिए जलयान और कार्गो संबंधी शुल्कों में रियायत प्रदान करके, तटीय कार्गो की त्वरित निकासी के लिए ग्रीन चैनल मंजूरी की शुरुआत, तटीय जलयानों के टर्नअराउंड समय को कम करने के लिए प्राथमिकता बर्थिंग नीति, तटीय पोत परिवहन अधिनियम, 2025 के अधिनियमन और भारतीय ध्वजंकित जलयानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले बंकर ईंधन पर जीएसटी को कम करने जैसे उपायों के माध्यम से तटीय पोत परिवहन को बढ़ावा दिया है।

अनुबंध

पांच वर्षों में तटीय पोत परिवहन के माध्यम से परिवहन किए गए उर्वरकों की पत्तन-वार मात्रा:

(टन में)

क्र. सं.	**पत्तनों के नाम**	**वर्ष-वार**				
		2021-22	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
1.	दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण (डीपीए)	6000	0	0	0	0
2.	कामराजार पोर्ट लिमिटेड (केपीएल)	0	0	0	0	0
3.	मुरगांव पत्तन प्राधिकरण (एमओपीए)	0	0	0	0	0
4.	नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण (एनएमपीए)	0	0	0	0	0
5.	श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन प्राधिकरण (एसएमपीए)	0	0	0	0	0
6.	वी.ओ.चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण (वीओसीपीए)	0	0	0	0	0
7.	कोचिन पत्तन प्राधिकरण (सीओपीए)	53493	142490	158966	98613	180249
8.	चैन्ने पत्तन प्राधिकरण (सीएचपीए)	0	0	0	0	0
9.	मुंबई पत्तन	0	0	0	0	0

	प्राधिकरण (एमबीपीए)					
10.	पारादीप पत्तन प्राधिकरण (पीपीए)	0	0	0	19997	0
11.	जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए)	0	0	0	0	0
12.	विशाखपट्टणम पत्तन प्राधिकरण (वीपीए)	2200	0	0	0	0

*****